Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक




RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 31 मार्च 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 179

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली छत्तीसगढ़ को 33 हजार 700 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात : मुख्यमंत्री साय ने जताया आभार

**रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर विकास की नई रोशनी फैली है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

**जनकल्याण और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाएं रेल, सड़क, ऊर्जा, ईंधन, आवास और शिक्षा से जुड़ी हैं, जो न केवल लोगों के जीवन में खुशहाली और सुविधा का नया सूर्योदय लाएंगी, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ की नींव भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने भरोसा किया जिससे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय चुनावों में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है।

**2047 के विकसित भारत की ओर छत्तीसगढ़ का मजबूत कदम**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ इसमें ऊर्जा, खनिज और कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यक्रमों के जरिए अंतिम छोर तक लाभ पहुंचा है। साथ ही रेल, सड़क, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है।



**आदिवासी विकास में विशेष योगदान**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने जनजातीय बहुल छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा और दशा दी है। भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बना और प्रयागराज महाकुंभ में भारत की संस्कृति की भव्यता को दुनिया ने देखा।

**छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी शक्ति से जुटी है।

मुख्यमंत्री साय ने अंत में प्रधानमंत्री जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि जब-जब छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमने मांग की, आपने अपेक्षा से अधिक दिया। इसके लिए हम सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ की बुनाई, संस्कृति और जीवंत परंपराओं का प्रतीक – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया गया कोसा सिल्क से बना हस्तनिर्मित शॉल




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा और विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में कोसा सिल्क से निर्मित एक विशेष हस्तनिर्मित शॉल भेंट किया, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध बुनाई परंपरा और जनजातीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह शॉल न केवल कपड़े का एक सुंदर नमूना है, बल्कि छत्तीसगढ़ की कला, संगीत और जनजातीय अस्मिता का जीवंत दस्तावेज भी है। यह शॉल पूरी तरह हस्तनिर्मित है और इसमें राज्य की स्थानीय बुनकर परंपरा की गहराई को दर्शाया गया है। इस शॉल पर बांस से निर्मित पारंपरिक वाद्ययंत्र 'टोड़ी' और बस्तर के प्रसिद्ध 'बाइसन हॉर्न माड़िया नृत्य' को कढ़ाई के माध्यम से दर्शाया गया है। टोड़ी वाद्ययंत्र छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवनशैली में संगीत का अभिन्न हिस्सा है। वहीं माड़िया जनजाति का यह नृत्य शौर्य, ऊर्जा और सामूहिक एकता की अभिव्यक्ति है। यह शॉल केवल वस्त्र नहीं, बल्कि जनजातीय गर्व, सांस्कृतिक विविधता और शिल्प कौशल की अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया गया यह कोसा शॉल छत्तीसगढ़ की हुनरमंद बुनकर महिलाओं, जनजातीय समुदायों, और लोक परंपराओं की महत्ता को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का एक भावनात्मक और सशक्त प्रयास है। यह भेंट भारत की विविधता में एकता, और लोककला के माध्यम से जुड़ाव का प्रतीक है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बलूचिस्तान में पाक सरकार के खिलाफ आयोजित में रैली में विस्फोट, 6 घायल

**बलूचिस्तान ।** बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में शनिवार को की बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की रैली में हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ उनके विरोध को दबाने का एक 'असफल प्रयास' था। इस बीच, बीएनपी के 250 से अधिक कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया, जो बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं की अवैध हिरासत के खिलाफ क्वेटा तक शांतिपूर्ण लंबे मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। बता दें पुलिस ने महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच सहित कई बीवाईसी नेताओं को हाल ही में गिरफ्तार किया है। धमाके की निंदा करते हुए बीएनपी प्रमुख अख्तार मेंगल ने एक्स पर लिखा, हमारे विरोध को एक बार फिर नाकाम बनाने का असफल प्रयास। अल्हमदुल्लाह, मैं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुरक्षित हूं। विस्फोट में कई लोग घायल हो गए, जिनमें हमलावर का पीछा करने वाले लोग भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि हमलावर अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर आया था।

### ऑस्ट्रेलिया के सुदूर इलाकों में बाढ़, लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया

**सिडनी ।** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ आई है और इस स्थिति में लोगों को हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण क्वींसलैंड राज्य के बाहरी इलाकों में ब्रिस्बेन से 1,000 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूब गए हैं। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बाढ़ चेतावनी जारी की। इसमें बताया गया कि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के इस क्षेत्र में बाढ़ का जलस्तर 1974 के रिकॉर्ड को पार कर चुका है। बाढ़ के कारण सडक़ मार्ग से संपर्क टूट जाने के बाद, अडावले और जुंडाह के छोटे शहरों के लोग और कई दूरदराज के इलाके के लोग हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए। मवेशीपालक ज्योफ लॉयड गुरुवार को उनके घर से हवाई जहाज से निकाला गया था। उन्होंने शनिवार को नाइन नेटवर्क को बताया कि इस क्षेत्र में होने वाला नुकसान भयावह है। उन्होंने कहा, मैं 30 सालों से उस नदी पर नाव चलाता और रहता हूं, और यह ऐसा हालात हैं जो हमने कभी नहीं देखे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण पशुपालन क्षेत्रों में से एक है। लॉयड ने कहा कि स्थानीय हेलीकॉप्टर पायलट लोगों और मवेशियों की जान बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे, लेकिन उनके पास विमानन ईंधन की कमी हो रही थी।

## म्यांमार भूकंप में मृतकों का आंकड़ा पहुंचा 1600 से अधिक, बिजली-पानी को तरस रहे लोग; मलबे में तब्दील हुईं इमारतें

**म्यांमार**



म्यांमार में एक दिन पहले आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद शनिवार को भी कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। शनिवार को देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले में भी 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। जिससे म्यांमार में शनिवार को मरने की वालों की संख्या 1600 से अधिक हो गई। हालांकि, अभी भी जोरों पर बचाव अभियान जारी है और मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। शनिवार को विदेशी बचाव दल के अभियान में शामिल होने पर कई शव बरामद किए गए। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख ने 1644 से अधिक मौतों की पुष्टि की, जबकि एक अमेरिकी एजेंसी ने चेतावनी दी कि यह संख्या 10000 से अधिक हो सकती है।

शक्तिशाली भूकंप के कारण सडक़ें, पुल और अन्य सार्वजनिक अवसंरचनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। म्यांमार की सैन्य सरकार ने बताया कि शनिवार को आए भूकंप में मरने वालों की संख्या बढक़र 1,644 हो गई है। जबकि कम से कम 2,400 लोग घायल हुए हैं। कई इलाकों में बचाव अभियान जोरों पर है, लेकिन क्षतिग्रस्त सडक़ों और पुलों के कारण कई स्थानों तक पहुंचना अभी भी मुश्किल है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टायर फटने के बाद खाई में गिरी बस, एक की मौत, 55 घायल

**कन्नौज ।** आरएनएस



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक बस का टायर फटने से भीषण हादसा हो गया। यहां एक बस खाई में गिर गई, जिसमें 55 यात्री घायल हुए हैं, जबकि एक की मौत हो गई है।

यह हादसा कन्नौज के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के 195 कट के पास हुआ। बताया जा रहा है कि श्रद्धालु राजस्थान के बालाजी से दर्शन कर सिद्धार्थनगर और नेपाल वापस लौट रहे थे। तभी अचानक बस का टायर फट गया और वे खाई में गिर गई। बस में करीब 60 से 70 लोग सवार थे, जिनमें 55 यात्री घायल हैं और 1 की मौत हो गई।

वहीं, हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जिले के डीएम शुभ्रांत कुमार और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एसपी विनोद कुमार ने बस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात एक बस आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही थी। 195 माइलस्टोन के पास बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे गिर गई। बस में 60 से 70 यात्री मौजूद थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया और एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।


उन्होंने आगे कहा, 55 लोगों को चोटें आई हैं। 4 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है और एक की मौत हो गई। फिलहाल घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। साथ ही जो भी घायल अपने घर जाना चाहते हैं, उनके लिए बस का इंतजाम किया गया है। सभी यात्री नेपाल और सिद्धार्थनगर के निवासी हैं।

इससे पहले बीते साल दिसंबर में यूपी के कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सडक़ हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे।

पीएम मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी।

## चैत्र नवरात्रि शुरू : मां वैष्णो देवी की अटका आरती होती है बेहद खास

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है और माता वैष्णो देवी मंदिर सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। यहां होने वाली अटका आरती एक बेहद खास अनुष्ठान है, जिसे देखने और उसमें शामिल होने की इच्छा हर भक्त की होती है, लेकिन अटका आरती में शामिल होने के लिए पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक है। अगर आप भी माता वैष्णो देवी की अटका आरती में शामिल होना चाहते हैं, तो यहां हम आपको इसकी पूरी बुकिंग प्रक्रिया और इससे जुड़ी जरूरी जानकारी देंगे।

अटका आरती माता वैष्णो देवी के दरबार में होने वाली विशेष पूजा है, जो दिन में दो बार—सुबह और शाम को आयोजित की जाती है। इस आरती के दौरान मंदिर परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है और केवल आरती बुकिंग कराने वाले श्रद्धालुओं को ही इसमें शामिल होने का अवसर मिलता है। आरती के दौरान वैदिक मंत्रों, भजनों और शंख-घंटियों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मान्यता है कि इस आरती में शामिल होने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

वैष्णो देवी अटका आरती में शामिल होने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कराई जाती है। बुकिंग की प्रक्रिया बेहद आसान है।

सबसे पहले आप श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटमांवैष्णोदेवीडॉट ओआरजी पर जाएं। यहां अपना अकाउंट बनाएं या लॉगिन करें। अगर आपका पहले से अकाउंट है, तो यूजर आईडी और पासवर्ड के जरिए लॉगिन करें। अगर नया अकाउंट बनाना है, तो रजिस्ट्रेशन करें और अपनी डिटेल्स भरें। इसके बाद अटका आरती बुकिंग सेक्शन पर जाएं, फिर वेबसाइट के ऑनलाइन सर्विसेज सेक्शन में जाएं। यहां अटका आरती बुकिंग के विकल्प पर क्लिक करें।

इसके बाद आप आरती की तारीख चुनें। आपके सामने एक कैलेंडर खुलेगा, जिसमें उपलब्ध तारीखें दिखाई देंगी। अपनी सुविधानुसार मनचाही तारीख का चयन करें। फिर श्रद्धालुओं की संख्या दर्ज करें। एक बार बुकिंग करने पर अधिकतम चार श्रद्धालुओं को शामिल किया जा सकता है। अपनी और अपने साथ जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यक्तिगत जानकारी (नाम, उम्र, आईडी प्रूफ) दर्ज करें। इसके बाद पेमेंट करना होगा।

पेमेंट सफल होने के बाद, आपको ईमेल और मोबाइल नंबर पर बुकिंग कंफर्मेशन और एक ई-रसीद प्राप्त होगी। इस ई-रसीद को यात्रा के दौरान साथ रखना जरूरी है।

आपको बता दें कि अटका आरती बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होती है, इसलिए जल्दी बुकिंग कराना जरूरी है। श्रद्धालुओं को समय से 1-2 घंटे पहले मंदिर परिसर में पहुंचना अनिवार्य होता है। मोबाइल फोन, कैमरा, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मंदिर के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होती। सुविधा के लिए यात्रा से पहले श्राइन बोर्ड की वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर लें।

## कटक के पास रेल हादसा, पटरी से उतरी बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस, यात्रियों में मची चीख पुकार

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



कटक के निर्गुंडी क्षेत्र में कामाख्या एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गई। इस हादसे के बाद ट्रेन में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई।

यह हादसा कटक स्टेशन से निकलने के बाद मंगोली स्टेशन के नजदीक हुआ, जहां कामाख्या एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। बताया जा रहा है कि बी9 से बी14 तक की बोगियां प्रभावित हुई हैं। खुर्दा डीआरएम और पूर्व तट रेलवे के प्रबंधक घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं और उन्होंने जल्द ही हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही है।

राहत की बात यह है कि अभी तक किसी यात्री के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**रायपुर**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के मोहभट्ठा बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर 2,695 करोड़ रूपए की लागत से पूरी हो चुकी चार रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही 7 रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी। छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विकास और यात्रियों को किफायती एवं सुगम परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

रायपुर और अभनपुर के बीच मेमू ट्रेन शुरू होने से आम लोगों के लिए आवागमन किफायती और आसान होगा। इस ट्रेन का ठहराव मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री और अभनपुर स्टेशनों पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 747 करोड़ की लागत से राजनांदगांव-बोरतलाव तक बिछाई गई तीसरी रेल लाइन, 353 करोड़ की लागत से मंदिर हसौद-केन्द्री-अभनपुर नई रेल लाइन, 88 करोड़ की लागत से दुर्ग-रायपुर स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली के साथ ही छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खरसिया-झाराडीह पांचवीं रेल लाइन, सरगबुंदिया-मड़वारानी तीसरी-चौथी रेल लाइन, दाधापारा-बिल्हा-दगोरी चौथी रेल लाइन, निपनिया-भाटापारा-हथबंद चौथी रेल लाइन, भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन चौथी रेल लाइन, राजनांदगांव-डोंगरगढ़ चौथी रेल लाइन, और करगी रोड-सल्का रोड तीसरी रेल लाइन का शिलान्यास किया।

वन मंत्री केदार कश्यप इस मौके पर अभनपुर रेल स्टेशन पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रेल सुविधाओं का विकास राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। रेल संपर्क का विस्तार दूरदराज के क्षेत्रों में रोजगार और व्यापार के नए अवसर खोलेगा, जिससे आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर से अभनपुर के बीच शुरू की गई मेमू ट्रेन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय व्यापार और परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि भविष्य में रेल सुविधाओं का विस्तार बस्तर, सरगुजा और जशपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा रेल्वे नेटवर्क से जुड़े। कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, सुनील कुमार सोनी, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप, ज़िला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।